Publication: Bharat Mitra
Date:08/08/2015
Edition: Kolkata, Asansol
Page No:5
Headline:TCS IT Wiz to be held on August 21

टीसीएस की ओर से क्विज प्रतियोगिता 21 अगस्त को

आसनसोल, 7 अगस्त (नि.स.)। अग्रणी आईटी कंपनी टीसीएस की ओर से अंतर स्कूल क्विज का आयोजन आगामी 21 अगस्त को शेक्सपीयर सरणी स्थित संगीत कला मंदिर ट्रस्ट के सभागार में किया जायेगा। इसमें कोई प्रवेश शुल्क नहीं है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज द्वारा आयोजित इस क्विज प्रतियोगिता में कक्षा 8 से 12 तक के छात्र भाग ले सकते हैं। प्रारंभिक दौर में शीर्ष छह टीमों को रिजनल्स फाइनल के लिए चुना जाएगा। क्षेत्रीय फाइनल से विजेता दिसंबर में आयोजित मेगा फाइनल में भागीदारी करेंगे।